राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**145/2024***

राज्यपाल ने पेरिस ओलंपिक, 2024 में भारत को पहला मेडल दिलाने वाली सुश्री मनु भाकर को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी

पटना, 28 जुलाई, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पेरिस ओलंपिक, 2024 की शूटिंग प्रतिस्पर्धा में भारत को पहला मेडल दिलाने वाली सुश्री मनु भाकर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि सुश्री मनु भाकर ने ओलंपिक खेल के 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग प्रतिस्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। उनकी इस उपलब्धि से देश गौरवान्वित हुआ है। राज्यपाल ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

....